**Regarding need to ensure supply of electricity from Rosa Power Plant to rural areas in Shahjahanpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-Laid*g**

श्री अरुण कुमार सागर **(**शाहजहाँपुर**) :** मैं सरकार के ध्यान में लाना चाहूंगा कि मेरा संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश) एक अति पिछड़ा हुआ अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्र है । मेरे क्षेत्र में विशेषकर ग्रामीण अंचलों में विद्युत की भारी किल्लत बनी हुई है । जबकि मेरे क्षेत्र में ही रोजा में रोजा पावर प्लांट स्थापित है, जिससे शाहजहापुर जनपद से बाहर विद्युत की आपूर्ति की जाती है । लेकिन, शाहजहांपुर जनपद, जहां यह पावर प्लांट स्थापित है, वहां से इस पावर प्लांट द्वारा जनपद के ग्रामीण अंचलों में विद्युत की आपूर्ति न करके यहां की जनता के साथ घोर अन्याय किया जा रहा है ।

जबकि केन्द्र सरकार की स्पष्ट नीति है कि जिस स्थल पर पावर संयंत्र स्थापित है, वहां के निकटवर्ती क्षेत्रों में पावर संयंत्र द्वारा प्राथमिकता के आधार पर सस्ती दर से विद्युत की आपूर्ति की जाएगी और पावर संयत्र अपनी सी०एस०आर० निधि से अपने क्षेत्र में विकास संबंधी कार्यों में वरीयता से सहयोग देंगे । लेकिन, इसका अनुपालन रोजा पावर प्लांट द्वारा नहीं किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की जनता में भारी आकोश व्याप्त है ।

मैं सरकार को यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र में स्थित रोजा पावर प्लांट से ऐश (राख) निकलने के परिणामस्वरूप निकटवर्ती क्षेत्रों में पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है, जिससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर (उ०प्र०) में स्थित रोजा पावर प्लांट से क्षेत्र में विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने, सी०एस०आर० निधि से क्षेत्र में विकास संबंधी कार्य करवाए जाने और क्षेत्र को प्रदूषण रहित बनाए जाने हेतु सकारात्मक कार्यवाही की जाए ।

धन्यवाद सहित ।